# अजंता पैलेस में बवाल : धर्मांतरण के आरोप पर आमने-सामने आए बजरंग दल और पुलिस

- धरने पर बैठे कार्यकर्ता, अंदर जाने की कोशिश पर बढ़ा तनाव
- प्रशासन बोला- हर पहलू की कर रहे जांच



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के होटल अजंता पैलेस में बुधवार को आयोजित एक मसीही आध्यात्मिक सम्मेलन उस समय विवादों के केंद्र में आ गया, जब बजरंग दल के कार्यकर्ता अचानक मौके पर पहुंच गए और कार्यक्रम में धर्मांतरण कराने के आरोप लगाते हुए जोरदार विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते होटल परिसर के बाहर माहौल गर्मा गया और कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

जानकारी के अनुसार यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल रतलाम एवं रतलाम पास्टर्स फेलोशिप द्वारा होटल के हॉल में 'जीवन दर्शन' नाम से आध्यात्मिक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा था। कार्यक्रम के दौरान बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता वहां पहुंचे और आयोजन पर सवाल उठाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने होटल के बाहर धरना देते हुए हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। इस दौरान लगातार नारेबाजी भी होती रही। माहौल उस समय और अधिक तनावपूर्ण हो गया, जब कुछ कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम स्थल के भीतर प्रवेश करने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस हो गई। कुछ देर तक धक्का-मुक्की जैसी स्थिति भी बनी रही, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर हालात को नियंत्रित किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

सीएसपी अजय सारवान, डीएसपी किशोर पाटनवाला, स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्र जादौन, माणक चौक थाना प्रभारी विक्रम चौहान एवं आईए थाना प्रभारी गायत्री सोनी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति पर नजर बनाए रखी।

**जानकारी जुटाई जा रही**

प्रशासन द्वारा सम्मेलन से जुड़े आयोजकों और गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि धर्मांतरण के लगाए गए आरोपों सहित पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# बोर्ड उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से फिर होगा शुरू

- 10 वीं-12वीं द्वितीय परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन उत्कृष्ट विद्यालय में होगा
- 37 हजार से अधिक कॉपियों की जांच के लिए तैयारियां पूरी

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का प्रथम चरण 28 मई से प्रारंभ होगा। मूल्यांकन कार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रतलाम में प्रात: 10 बजे से शुरू किया जाएगा। इस चरण में हाई स्कूल के हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की कुल 23 हजार 940 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। वहीं हायर सेकेंडरी के हिंदी, अंग्रेजी, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, कृषि एवं वाणिज्य विषयों की 13 हजार 680 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की जाएगी। इस प्रकार कुल 37 हजार 620 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य संपादित किया जाएगा। संबंधित मूल्यांकनकर्ताओं को आदेश जारी कर दिए गए हैं। मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होने से पूर्व सुबह 10 बजे प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद विधिवत रूप से कॉपियों की जांच शुरू होगी।

**तैयारियां पूर्ण : प्राचार्य कुमावत**

मूल्यांकन अधिकारी एवं प्राचार्य सुभाष कुमावत ने बताया कि मूल्यांकन कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, गोपनीयता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। उन्होंने सभी मूल्यांकनकर्ताओं से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ कार्य करने का आग्रह किया है।



# तलवार के हमले से महिला की उंगलियां कटीं

**रतलाम।** बिलपांक थाना क्षेत्र के सरवड़ जमुनिया गांव में बुधवार सुबह पड़ोसियों के बीच चला आ रहा विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। गोबर डालने को लेकर शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्षों में धारदार हथियार चल गए। हमले में एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कैलाश गुर्जर, उनकी पत्नी राजूबाई और बेटा विमल शामिल हैं। तीनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कैलाश की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें निजी अस्पताल रेफर किया गया, जबकि राजूबाई और विमल का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि हमले के दौरान राजूबाई ने तलवार के वार से बचने की कोशिश की, लेकिन उनके हाथ की चार उंगलियां कट गईं। वहीं कैलाश और विमल के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर बिलपांक थाना प्रभारी अयुब खान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों से जानकारी ली। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। एसडीओपी पाटनवाला ने बताया कि प्रारंभिक जांच में विवाद की वजह गोबर डालना सामने आया है। दोनों पक्ष एक ही समाज से हैं। मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर में

### तन्मय भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक नियुक्त

**रतलाम।** युवा नेता तन्मय त्रिवेदी को जिला भाजपा कार्यसमिति मे सोशल मीडिया विभाग का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की है। जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि त्रिवेदी की नियुक्ति प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी, संभाग प्रभारी संयम जैन, सह प्रभारी दिव्यांश सुराणा की सहमति से की गई है। श्री त्रिवेदी का उक्त नियुक्ति पर जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय एव आरडीए उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी की उपस्थिति में स्वागत-सम्मान किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौर, अनिता कटारिया, जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, महेन्द्र जाट, निर्वतमान जिला संयोजक करन वशिष्ठ, चेतन टांक, संजय पांडेय आदि उपस्थित रहे।

### कला-मोहनभाषा साहित्य-संगीत केंद्र का सम्मान समारोह आज

**जावरा।** श्रीकला मोहन केन्द्र सुखेड़ा का वार्षिक समारोह स्थानीय श्री हरि पैलेस में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कार्यकारी कुलपति एवं कुलानुशासक डॉ .शैलेंद्र कुमार शर्मा होंगे। अध्यक्षता अश्विनी शोध संस्थान के ख्यात मुद्रा शास्त्री एवं पुरातत्वविद् श्री आरसी ठाकुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक लोढ़ा और एवं विशेष अतिथि भारतीय सोनी उपस्थिति रहेगी. वार्षिक समारोह में सम्मानित होने वाले में इंदौर के प्रसिद्ध लघु कथाकार देवेंद्रसिंह सिसोदिया, खंडवा के कवि-लेखक अरुण सातले, इंदौर की डॉ रेखा मंडलोई, उज्जैन की डॉ. क्षमा सिसोदिया और अनुराधा शर्मा इंदौर होगी। यह संपूर्ण कार्यक्रम भूटान के संत स्वामी चैतन्यानंद महाराज की पावन निश्रा में संपन्न होगा। यह जानकारी निदेशक डॉ. केएल जमड़ा ने दी.

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**रतलाम।** नवीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई. इसमें त्योहारों ईद-उल-जुहा (बकरीद), महाराणा प्रताप जयंती/छत्रसाल जयंती एवं मोहर्रम (ताजिया) — को शांति, सौहार्द एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर समिति सदस्यों के साथ चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए. कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान शहर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कहा कि त्योहारों एवं जुलूसों के दौरान पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, बैठक में एडिशनल एसपी विवेक कुमार, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, अध्यक्ष रतलाम विकास प्राधिकरण मनोहर पोरवाल, शहर काजी अहमद अली, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, गोविंद काकानी, यासमीन शेरानी, जितेंद्र भाटी, एस.आर. नरगेश, सीमा टांक, राजेंद्र सिंह गोयल आदि मौजूद थे.

### सांस्कृतिक मंच दर्शाता है बदलाव और विकास

**रतलाम।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटरने 'ब्लेंडर्स प्राइड रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज़' नामक एक नए सांस्कृतिक मंच की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य फ्लेवरको केवल स्वाद तक सीमित न रखते हुए उसे सभी इंद्रियों से महसूस किए जाने वाले अनुभव में बदलना है. यह मंचफ्लेवर को एक बहुआयामी यात्रा के रूप में प्रस्तुत करता है- जिसे केवल चखा ही नहीं, बल्कि देखा, सुना, महसूस औरअनुभव भी किया जा सकता है. शेफ कुणाल कपूर के साथ मिलकर तैयार किए गए इस विशेष अनुभव में एक निजी और एक्सक्लूसिव प्रस्तुति दी गई. पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा आज के उपभोक्ता ऐसे अनुभवों की तलाश में हैं, जो केवलउपयोगिता तक सीमित न होकर अधिक खास, प्रीमियमऔर अलग महसूस हों. 'ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्डएक्सपीरियंसेज़' के जरिए हम एक ऐसा सांस्कृतिक मंचतैयार कर रहे हैं, जो इस बदलाव को दर्शाता है और फ्लेवरकी गहराई व जटिलता को बहु-इंद्रिय अनुभवों के माध्यम सेप्रस्तुत करता है.

# नेहरूजी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

- प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखा



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर बुधवार को रतलाम शहर कांग्रेस द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सज्जन मिल रोड स्थित नेहरू प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने 'जवाहरलाल नेहरू अमर रहें' तथा 'जब तक सूरज चांद रहेगा, नेहरू तेरा नाम रहेगा' जैसे नारों के साथ देश के प्रथम प्रधानमंत्री को याद किया। इस अवसर पर रतलाम शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने नेहरू जी के जीवन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थितजनों को संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर नेहरू जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक पारस सकलेचा, प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष यास्मीन शेरानी, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चाहर, पार्षद कमरुद्दीन कछवाया, आशा रावत, नासिर कुरेशी, सलीम बागवान, राजीव रावत, प्रदीप राठौर, मेहमुद शेरानी, अमरसिंह शेखावत, रामचंद्र धाकड़, विजय उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह अठाना, डॉ. मुस्तफा महूवाला, हरविंदर सिंह नांद्रा, रमेश पोरवाल, संदीप नागर, नीलेश शर्मा, हेमंत नेका सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# उदय विहार कॉलोनी में 32 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 14 अंतर्गत आने वाली उदय विहार कॉलोनी में 32 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन बुधवार देर शाम किया गया।स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई।

भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक कमलेश्वर डोडियार, पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत, नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला, वार्ड पार्षद हेमलता धभाई एवं विशाल धभाई ने भूमि पूजन कर सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उदय विहार कॉलोनी में बनने वाली इस सीसी रोड से क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। बरसात के दौरान कीचड़ और खराब रास्तों की समस्या से भी लोगों को राहत मिलेगी।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नगर परिषद द्वारा मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सड़क, पानी और स्वच्छता से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सीसी रोड निर्माण से कॉलोनी का विकास होने के साथ-साथ नागरिकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

कार्यक्रम में मुकेश पटेल, कुलदीप कुमावत, जगदीश पाटीदार, मंगलेश कसेरा, पार्षद प्रतिनिधि प्रशांत मांडोत, किशोर कसेरा, रामप्रसाद चंदेल, एल्डरमैन नाथूलाल राठौड़ सहित सीएमओ मनोज शर्मा,भीमसेन लहरी, मोनू शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मांडोत सहित वार्ड के नागरिक मौजूद थे।

# कमला एकादशी : मंदिर में गूंजे श्रीकृष्ण भजन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** गीता मंदिर रोड स्थित गीता मंदिर में बुधवार को गीता मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में कमला एकादशी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण संकीर्तन का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चले इस भक्तिमय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भजनों और संकीर्तन का आनंद लिया।

कार्यक्रम में पंडित गोपाल श्रीकृष्ण शर्मा ने अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने 'करुणा के सागर ऐसी दया कर', 'जीवन की ज्योति उजागर हो जाए', 'नेकी करें हम, बदी से बचें हम' तथा 'जीवन है हमको उपहार तेरा, तेरे चरण में संसार मेरा' जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर पंडित चेतन जोशी ने कमला एकादशी का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि कमला एकादशी, जिसे पद्मिनी एकादशी भी कहा जाता है, अधिक मास के शुक्ल पक्ष में आने वाली अत्यंत पुण्यदायी एकादशी है। यह व्रत लगभग तीन वर्ष में एक बार आता है और इसके विधिपूर्वक पालन से भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। संकीर्तन में संजय व्यास, प्रदीप बारोठिया, कांतिलाल शर्मा, राधेश्याम मंत्री, सोनू राव, नारायण मंत्री, नवीन व्यास, हितेंद्र शर्मा, रामचंद्र शर्मा, रमेश चोथयानी, रेणु व्यास, रमा शर्मा, वीरेंद्र वाफगांवकर, हरिश्चंद्र रतनावत, मधुबाला रतनावत, कल्पना शर्मा, नीतू व्यास, अंजू त्रिवेदी, नीला ठक्कर, किरण व्यास, प्रतिभा ठक्कर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पति ने बेल्ट से पीटा, फिर पत्नी के काटे बाल

**रतलाम।** जिले के रिंगनोद थाना क्षेत्र के बनवाड़ा गांव में घरेलू विवाद का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पत्नी ने अपने ही पति पर मारपीट, गाली-गलौज और जबरन बाल काटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादिया अनिता झाला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25 मई की रात करीब 9.30 बजे से 10.30 बजे के बीच उसके पति मंगलसिंह झाला ने खेत पर विवाद के दौरान उसके साथ अभद्रता की। आरोप है कि पति ने पहले मां-बहन की गालियां दीं, फिर लात-घूंसों और बेल्ट से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि विवाद के दौरान आरोपी ने शेविंग मशीन से उसके सिर के बाल भी काट दिए और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद महिला ने रिंगनोद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# दूधिया रोशनी से जगमगाएगा बाजना बस स्टैण्ड

- महापौर ने हाई मास्ट लगाने के कार्य का किया भूमिपूजन



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 21 स्थित बाजना बस स्टैण्ड परिसर में हाई मास्ट लगाने के कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष नन्दकिशोर पवांर, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, विद्युत एवं यांत्रिकी समिति प्रभारी अक्षय संघवी, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती केसरबाई भानीगामा तथा क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि बाजना बस स्टैण्ड परिसर में 4 लाख की लागत से हाई मास्ट लगाया जायेगा कार्य पुरा होने पर बस स्टैण्ड दूधिया रोशनी से जगमगाएगा जिससे रात्री में यात्रियों को सुविधा होगी।

उन्होने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम परिषद नगर तथा नागरिकों के हित में नगर का विकास तो कर ही रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

भूमि पूजन के अवसर पर महापौर परिषद सदस्य धर्मेन्द्र व्यास, पूर्व पार्षद जाकिर रावटीवाला, पार्षद प्रतिनिधि किशनलाल भानीगामा के अलावा तवंरजी, मुकेश, कल्याण, भूरा भाई सहित क्षेत्रिय नागरिक उपस्थित थे।

# जावरा में आर्थिक नाकेबंदी, कलेक्टर का आदेश दबाकर बैठा प्रशासन!



- जन संघर्ष समिति : ग्रीनफील्ड रोड निकला तो गाइडलाइन से उजड़ जाएगा शहर

**जावरा।** विकास के नाम पर विनाश और नियमों को ताक पर रखकर जनता को उजाड़ने का एक सनसनीखेज मामला जावरा में सामने आया है। जन संघर्ष समिति, जावरा ने बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सुनिल जायसवाल के माध्यम से देश और प्रदेश के 6 सबसे रसूखदार नीति-निर्धारकों को कानूनी पत्र (ज्ञापन) सौंपकर प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मचा दिया है।

जन संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि भूतेड़ा-अर्निया मंडी 7 किलो मीटर सड़क ग्रीनफील्ड रोड के रूप में बनी तो शहर उजड़ जाएगा। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन अनुसार रोड सेंटर से 200 फीट तक कोई भवन/व्यवसाय निर्माण की अनुमति नहीं मिलेगी। समिति की पहले दिन से मांग है कि शहर में ग्रीनफील्ड रोड नहीं आए। ग्रीनफील्ड नियम हटाकर सिटी फोरलेन बनाया जाए। समिति ने कहा कि ग्रीनफील्ड नियमों से बसा-बसाया शहर उजड़ जाएगा। 2010-11 में 4-लेन का प्रयास पहले ही निरस्त हो चुका है। अब नियम तोड़कर फोरलेन बनाने पर हाईकोर्ट जाएंगे।

**कलेक्टर के आदेश को ही दबा गया अमला:** जन संघर्ष समिति ने हवा में तीर नहीं चलाए हैं। ज्ञापन के साथ तत्कालीन कलेक्टर रतलाम का निरस्तीकरण आदेश (दिनांक 13.01.2025) की प्रमाणित प्रति संलग्न की गई है। जब खुद कलेक्टर ने पूर्व के विवादित फैसलों को निरस्त कर दिया था, तो फिर किस अदृश्य शक्ति के दबाव में आकर अधिकारी आज भी रजिस्ट्रियां रोककर बैठे हैं।

**145 फीट की गाइडलाइन का सीधा उल्लंघन**

जन संघर्ष समिति ने बताया कि वर्ष 2010-11 में जावरा-उज्जैन रोड निर्माण के समय केवल टू-लेन (कैरिज-वे 23-25 फीट) के लिए रोड सेंटर से 52-52 फीट (कुल 120 फीट) भूमि का ही वैधानिक अधिग्रहण हुआ था। समिति का आरोप है कि प्रशासन बिना नया भू-अर्जन किए, बिना मुआवजा बांटे, जबरन 145 फीट भूमि पर फोर-लेन तानने की फिराक में है। यह माननीय सर्वोच्च न्यायालय की 145 फीट की गाइडलाइन का सीधा उल्लंघन है।

**एक नजर में** — पेंशनरों की समस्याओं और सुविधाओं पर की गई चर्चा, आरडीए पदाधिकारियों का पेंशनर संगठन ने किया सम्मान

# बंद रिजर्वेशन काउंटर दोबारा शुरू कराने सांसद और मंत्री से करेंगे बात : पोरवाल




**आरडीए के माध्यम से सुनियोजित विकास का कार्य होगा**

उन्होंने कहा कि मंडल कार्यालय में पिछले करीब 20 वर्षों से संचालित रिजर्वेशन एक्सटेंशन काउंटर बंद होने से पेंशनरों को काफी परेशानी हो रही है। इस ज्वलंत समस्या को लेकर वे सांसद एवं कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर समाधान के प्रयास करेंगे। पोरवाल ने कहा कि अब रतलाम विकास प्राधिकरण के माध्यम से शहर के सुनियोजित विकास का कार्य किया जाएगा और जनता ने जो विश्वास जताया है, उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास होगा।

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** सेंट्रल गवर्नमेंट एवं रेलवे पेंशनर संगठन द्वारा दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने पेंशनरों की समस्याओं और सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं।

मनोहर पोरवाल ने कहा कि पेंशनर्स समाज के मार्गदर्शक हैं और उनका अनुभव शहर विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि विकास प्राधिकरण के माध्यम से पेंशनरों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही नई विकसित होने वाली कॉलोनियों में पेंशनरों के लिए विशेष प्रावधान और ऑडिटोरियम जैसी सुविधाओं की व्यवस्था भी की जाएगी।उन्होंने कहा कि मंडल कार्यालय में पिछले करीब 20 वर्षों से संचालित रिजर्वेशन एक्सटेंशन काउंटर बंद होने से पेंशनरों को काफी परेशानी हो रही है। इस ज्वलंत समस्या को लेकर वे सांसद एवं कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर समाधान के प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोविंद काकानी ने कहा कि वे हमेशा समाज के बीच रहते हैं, लेकिन आज अनुभवी संगठन के बीच आकर उन्हें विशेष प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों के अनुभवों को साझा कर रतलाम के विकास को नई दिशा दी जाएगी। उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी ने कहा कि यह बड़ी जिम्मेदारी है और उनका प्रयास रहेगा कि विकास योजनाओं के माध्यम से रतलाम को प्रदेश और देश में गौरवान्वित किया जाए।

कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के मंडल अध्यक्ष प्रकाश व्यास के स्वागत उद्बोधन से हुई। इस दौरान वरिष्ठ सलाहकार आई.एल. पुरोहित, विजयप्रकाश दुबे, रामखेलावन कुमायूं एवं मनोहर पचौरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पहार, शॉल, केसरिया दुपट्टा एवं स्मृति पत्रिका भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में मनोरमा गहलोत, माया शर्मा, रमा श्रीवास, देवेंद्र वर्मा, अरुण वाडकर, यू.एल. जायसवाल, सुधीरकांत दुबे, कमलजीत सिंह, सुरेश वर्मा, रमेश शुक्ला, आर.एस. झाला, बी.एस. यादव, वी.डी. टंडन, संतोष सोनी, दिनेश गर्ग, अब्दुल मजीद, सुरेशसिंह सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में पेंशनर साथी उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम संचालक नरेंद्र त्रिवेदी ने उपस्थितजनों को जल संवर्धन की शपथ दिलाई तथा देवेंद्र वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।